>

Title: Need to restart the work with regard to the setting up of transmitter for F.M. Radio in Bikaner Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति जी, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे अति महत्वपूर्ण लोक महत्व के मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया।

मेरे संसदीय क्षेत्र बीकानेर मुख्यालय में एफएम रेडियो का 10 किलोवाट का ट्रांसमीटर स्वीकृत हुआ था। उसका कुछ काम भी पूरा हुआ लेकिन कुछ समय बाद उस सामान को कहीं और शिफ्ट कर दिया गया। मेरी समझ में यह नहीं आया कि मंत्रालय ने पहले तो ट्रांसमीटर स्वीकृत किया, केबल भी आई और उसको बाहर भेज दिया, जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र बीकानेर में एफएम रेडियो, प्रसार भारती का प्रोग्राम प्रारंभ नहीं हुआ, लोग उस प्रोग्राम को सुन नहीं पा रहे हैं, सामान 2008 में कहीं और भेज दिया गया है। 2004 में हमारे यहाँ पर एक टावर लगा दिया गया था, ट्रांसमीटर नहीं लगाएगा ।

मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि जब बीकानेर संसदीय क्षेत्र में बीकानेर संभाग मुख्यालय पर 2004 से टावर और एंटीना लगा दिया गया था तो उसको अब तक चालू क्यों नहीं किया है? क्योंकि जो टावर और एंटीना लगा हुआ है, उसे प्राइवेट एफएम चैनल्स ने किराये पर ले लिया है और वह उसका उपयोग कर रहे हैं। भारत सरकार का मंत्रालय क्या गहरी नींद में सो रहा है? इतना पैसा खर्च करने के बाद भी उसने जो आधारभूत सुविधाएँ क्षेत्र में विकसित की हैं, उसका उपयोग नहीं कर रहा है। मेरी आपके माध्यम से मांग है कि स्वीकृत ट्रांसमीटर और केबल जो एफएम रेडियो के लिए लगा है, उसको तुंत चालू किया जाए ताकि मेरे बीकानेर संसदीय क्षेत्र के लोग प्रसार भारती और सरकारी एफएम का प्रोग्राम देख सकें।